केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.

******

दिनांक: 06.04.2016

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/15
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00015
CICOM/R/2015/01088

अपीलकर्ता : श्री दीपचंद्र शर्मा,
अंतर्राष्ट्रीय गीता प्रचारक,
वार्ड नं.14, दांता रामगढ़,
जिला सीकर, राजस्थान - 332703.

निर्णय की तारीख : 06.04.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 08.10.2015 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 17.11.2015, 26.11.2015 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री अविनाश चन्द्र पटेल, श्री धीरेन्द्र कुमार |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 16.12.2015 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 184076/23.12.2015 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 618/29.12.2015 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से दो विंदुओं पर राष्ट्रपति सचिवालय व प्रधानमंत्री कार्यालय से संबंधित अपनी द्वितीय अपीलों के संबंध में जानकारी मांगी थी कि जिसके प्रतिउत्तर में श्री अविनाश चन्द्र पटेल, संयुक्त सचिव व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं श्री धीरेन्द्र कुमार, उप-पंजीयक व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, मुख्य सूचना आयुक्त कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचना से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि श्री धीरेन्द्र कुमार, उप-पंजीयक व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, मुख्य सूचना आयुक्त कार्यालय द्वारा पत्र सं. CICOM/R/2015/01088(DR-Chief IC-72) दिनांक 26.11.2015 द्वारा प्रदान की गई सूचना अस्पष्ट एवं अधूरी है । तद्रुसार श्री एस.सी.शर्मा, उप-पंजीयक व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, मुख्य सूचना आयुक्त कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के पांच कार्यदिवसों के अंदर अपीलकर्ता को स्पष्ट एवं पूर्ण सूचना प्रदान की जाए ।

3. तद्रुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

अधोहस्ताक्षरी (प्रथम अपीलीय अधिकारी) के पास कार्य की अधिकता एवं हिंदी टंकण जानने वाले कार्मिक की अनुपलब्धता के कारण अपील के निपटान में हुई देरी के लिए खेद है ।

अचला सिन्हा

(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

O/C

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. ~~श्री एस.सी.शर्मा, उप-पंजीयक व~~ केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, मुख्य सूचना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
12 APR 20..
Initials..........

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
12 APR 2016
D. No..........
Initials ..........